नव भारत
1934 से




# बंगाल में बदलाव की लहर : मोदी

## मालदा में सात जजों को बंधक बनाने वाली टीएमसी के गुंडों को जनता सिखाएगी सबक



**कूचबिहार, 5 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी रैली करने पहुंचे. यहां पीएम मोदी ने जनता को संबोधित करते किया और कहा कि कुछ दिन पहले कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड से मैंने पश्चिम बंगाल में परिवर्तन महाअभियान शुरू किया था.**

ब्रिगेड ग्राउंड की वो ऐतिहासिक तस्वीरें और जनसैलाब देखकर पूरा टीएमसी सिंडिकेट घबराया हुआ है और आज कूचबिहार में मैं देख रहा हूं ब्रिगेड ग्राउंड में जो बिगुल बजाया था, कूचबिहार ने उस पर अपनी मुहर लगा दी है. उन्होंने कहा कि इस बाद बंगाल में बदलाव की लहर चल रही है. राज्य में टीएमसी कानून-व्यवस्था का जनाजा निकालने पर तुली है. मालदा में गत दिनों सात जजों को बंधक बनाने वाले टीएमसी गुंडों को जनता सबक सिखाएगी. पीएम मोदी ने कहा, एक तरफ टीएमसी का डर है और दूसरी तरफ इसका मुकाबला करने के लिए आपके पास बीजेपी का भरोसा है. एक तरफ टीएमसी के कट मनी और भ्रष्टाचार का डर है, दूसरी तरफ विकास को तेज रफ्तार देने वाली बीजेपी का भरोसा है. एक तरफ घुसपैठ कराकर, विदेशियों को यहां बसाने का डर है, दूसरी तरफ घुसपैठ रोककर सारे घुसपैठियों को पश्चिम बंगाल से बाहर करने का बीजेपी का विश्वास है. कूचबिहार में प्रधानमंत्री मोदी बोले एक तरफ संदेशखाली जैसी बहनों की चीखें और बेटियों पर होता निर्मम अत्याचार है, दूसरी तरफ नारीशक्ति को सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की मोदी की गारंटी है. मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस बार विधानसभा चुनाव के बाद इनके पापों का पूरा हिसाब होगा. चुन-चुनकर हिसाब होगा. 4 मई के बाद कानून अपना काम करेगा. चाहे कोई बड़े से बड़ा गुंडा क्यों न हो, इस बार न्याय होकर रहेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार बंगाल की इस पावन माटी पर हर रोज लोकतंत्र को लहुलूहान कर रही है. ये निर्मम सरकार अपने आगे किसी संवैधानिक संस्था को कुछ भी नहीं समझती. दो-तीन पहले पूरे देश ने देखा है कि कैसे मालदा में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाकर रखा गया. पीएम मोदी ने कहा कि हमारा बंगाल शक्ति की पूजा की धरती है. मैं यहां आए सभी बहनों-बेटियों को, बंगाल की हर बहन-बेटियों से कहूंगा कि बीजेपी आपके सम्मान और आपकी समृद्धि के लिए मैदान में है.

### ये लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के इस खेल में बंगाल की महान पहचान को बदला जा रहा है. अभी टीएमसी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, लेकिन उसका नाम उन्होंने बांग्ला भाषा में नहीं रखा, बल्कि उसे इश्तेहार कहा जा रहा है. सोचिए कि कैसे पश्चिम बंगाल की पहचान को बदल रहे हैं. आप जानते हैं कि इश्तेहार का इस्तेमाल बंगाल में किसलिए हुआ था. 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था, उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था. टीएमसी हमें उसी की याद दिलाना चाहती है. आपको भूलना नहीं है कि यहां निर्मम सरकार में खुलेआम धमकी दी जा रही है. ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे. बता दें कि बंगाल में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल और दूसरे चरण का 29 अप्रैल को होगा.

## ईसी ने चुनावों से पहले जब्त किए 650 करोड़

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल.** चुनाव आयोग ने कहा है कि 2026 के विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से कानून लागू करने वाली देश की विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 650 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और अन्य प्रलोभन सामग्री जब्त की है. आयोग ने रविवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए बताया कि 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी गई है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 26 फरवरी से पांच अप्रैल के बीच 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 231 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य वस्तुएं शामिल हैं. राज्यों में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 319 करोड़ रुपये की जब्ती हुई.

# असम में राहुल ने गिनाई कांग्रेस की पांच गारंटी

**100** दिन के भीतर जुबीन को दिलाया जाएगा न्याय

**1250** रुपये हर महीने बुजुर्गों को मिलेगी पेंशन



**कामरूप, 5 अप्रैल. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के कामरूप में जनसभा को संबोधित किया. अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने असम में कांग्रेस की सरकार बनने पर कई गारंटियां दीं.**

राहुल ने वादा किया कि सरकार बनने के 100 दिन के भीतर जुबीन गर्ग को न्याय दिलाया जाएगा. महिलाओं को हर महीने उनके बैंक खातों में बिना किसी शर्त के नकद राशि भेजी जाएगी. अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने वाली असम की हर महिला को 50,000 रुपये की शुरुआती राशि दी जाएगी. 10 लाख लोगों के एकसोनिया पट्टा (सालाना जमीन परमिट) को म्यादि पट्टा (स्थायी मालिकाना हक) में बदला जाएगा. बुजुर्गों को हर महीने 1250 रुपये की पेंशन मिलेगी. इसके लिए सरकार में एक अलग विभाग भी बनाया जाएगा. हर परिवार को इलाज के लिए 25 लाख रुपये की कैशलेस हेल्थ कवर की सुविधा मिलेगी. इसके अलावा राहुल गांधी ने छह आदिवासी समुदायों को एसटी का दर्जा देने का भी भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की विचारधारा और जुबीन गर्ग की विचारधारा में जमीन-आसमान का अंतर है. इस दौरान उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं. उनके मुंह से 24 घंटे नफरत और हिंसा की भाषा निकलती है.

## एक नजर में



### रेल मंत्री ने आधुनिक कोच का देखा सैंपल

**नई दिल्ली.** अमृत भारत एक्सप्रेस में सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बढ़ाने के लिए रेलवे ने नए डिजाइन के कोच और बेहतर टॉयलेट्स के मॉडल तैयार किए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस के सैंपल कोचेज का निरीक्षण किया। अमृत भारत एक्सप्रेस एक आधुनिक और पूरी तरह नॉन-एसी लंबी दूरी की स्लीपर क्लास ट्रेन सर्विस है।

### पीड़ित परिवारों ने मांगा ब्लैक बॉक्स डेटा

**नई दिल्ली.** एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के भीषण हादसे को 10 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब भी सैकड़ों परिवार अपने अपनों की मौत के असली कारण जानने के लिए भटक रहे हैं. इसी पीड़ा के बीच गुजरात के करीब 30 पीड़ित परिवारों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वाइस रिकॉर्डर का डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है.

### सांबा में 3 संदिग्ध दिखने पर सर्च ऑपरेशन शुरू

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के दरुई क्षेत्र में तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि की सूचना मिलते ही सुरक्षा बलों ने तुरंत संयुक्त तलाशी अभियान शुरू कर दिया है. स्थानीय निवासी ने बेध खड्ड इलाके में रात के अंधेरे में तीन अज्ञात व्यक्तियों को देखा, जिनमें से एक के कंधे पर भारी बैकपैक था. निवासी ने उन्हें आतंकी संदिग्ध मानते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी. जानकारी मिलते ही भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया.

# रेलवे ने ओएफसी को दी मंजूरी

- 398 .36 करोड़ की लागत से होगा काम
- अहमदाबाद और रतलाम के ढांचे होंगे मजबूत

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल. भारतीय रेलवे ने पश्चिमी रेलवे में अपने संचार आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत अहमदाबाद और रतलाम डिवीजनों में 4×48 ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारभूत ढांचा ( ओएफसी ) प्रावधान को कुल 398.36 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है.**

यह पहल भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण, सुरक्षा संवर्धन और डिजिटल रूपांतरण की दिशा में एक और कदम है, जो यात्रियों और माल ढुलाई संचालन के लिए बेहतर परिचालन दक्षता और बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करेगी. रेल मंत्रालय ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है, जिसके अनुसार, यह परियोजना भारतीय रेलवे के शेष मार्गों पर लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन (एलटीई) संचार आधारभूत ढांचे के साथ कवच उपलब्ध कराने (अम्ब्रेला वर्क 2024-25) शीर्षक वाले अंब्रेला वर्क के तहत स्वीकृत की गई है, जिसकी कुल स्वीकृत लागत 2024-25 के कार्य कार्यक्रम (पीएच-33) के अंतर्गत 27,693 करोड़ रुपये है. स्वीकृत कार्य के अंतर्गत, पश्चिमी रेलवे के 1929 रूट किलोमीटर (आरकेएम) पर **2×48** फाइबर ओएफसी केबल बिछाई जाएंगी. इसमें निम्नलिखित शामिल हैं अहमदाबाद डिवीजन में 1456 वर्ग किलोमीटर, रतलाम डिवीजन में 473 आर.के.मी.. संचार तंत्र में यह महत्वपूर्ण वृद्धि रेलवे संचार प्रणालियों की क्षमता, विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाएगी.

# भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज

- कार्यकर्ताओं के निवास पर फहराएंगे पार्टी का झंडा
- सीएम डॉ. मोहन यादव प्रदेश कार्यालय में करेंगे ध्वजारोहण




**भोपाल, 5 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल, सोमवार को प्रदेशभर में बूथ स्तर पर उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा. पार्टी कार्यालयों तथा कार्यकर्ताओं के निवास पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा एवं कार्यालयों की सजावट कर मिठाई बांटी जाएगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में प्रातः 11:15 बजे ध्वजारोहण करेंगे. तत्पश्चात प्रदेश के 14 जिलों में पार्टी के जिला कार्यालयों का भूमिपूजन एवं 3 जिलों में कार्यारंभ समारोह में वर्चुअली सहभागिता कर संबोधित करेंगे. स्थापना दिवस समारोह में वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जाएगा. पूरे प्रदेश में मंडल स्तर पर होने वाले स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश कार्यालय में होने वाले भूमिपूजन समारोह का लाइव प्रसारण होगा. भाजपा के स्थापना दिवस पर आज और कल प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश के सभी मंडल, जिला कार्यालयों पर विद्युत साज-सज्जा, पुष्पमाला सजावट, दीपमालिका और रंगोली का आयोजन होगा. तत्पश्चात पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर उद्बोधन होगा.

7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत अध्यक्ष, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, सभी पार्षद और पार्टी के सभी कार्यकर्ता अभियान में भाग लेंगे. इस अभियान के अंतर्गत एक विधानसभा में 50 बड़े गांवों में कार्यक्रम होंगे. इन कार्यक्रमों में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क और उनका सम्मान, केन्द्र सरकार एवं एनडीए शासित प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी.

# दमोह में महिला को जिंदा जलाया

## संदेही बेटे को पुलिस ने हिरासत में लिया

नवभारत न्यूज

**तेंदूखेड़ा/दमोह. समीपस्थ ग्राम सेहरी तेंदूखेड़ा में सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है. यहां पर हल्लीबाई के हाथ व मुंह क्लच वायर से बांधकर उसे जिंदा जला दिया. घटना में महिला का घर भी आग से जल गया है.**

आगजनी की खबर उसके बेटे संतोष ने लोगों को दी. ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की. इसके बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया. इस घटनाक्रम में पुलिस को बेटे संतोष पर ही संदेह है, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम सेहरी तेंदूखेड़ा में हल्लीबाई उम्र 60 वर्ष अपने बेटे संतोष के साथ घर में रहती है.

बीती रात 12 बजे के लगभग घर में अचानक आग लग गई, जिसकी लपटें देख आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए, जिन्हें संतोष ने बताया कि घर में अचानक आग लग गई है और मां अंदर ही है. रविवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मलबा हटवाया तो महिला जली हुई मृत हालत में मिली. महिला का मुंह और हाथ क्लच वायर से बंधे थे.

# सरकार की अपील : ऑनलाइन ही बुक कराएं सिलेंडर

- जरूरत पड़ने पर ही जाएं वितरक के पास
- वितरकों के पास गैस समाप्त होने की सूचना नहीं

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल. ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक कराएं और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाए.**

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारु और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है.

मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है. शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई. डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है, जिससे हेराफेरी को रोका जा सके. प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को शनिवार को 5 किलोग्राम के 90,000 से अधिक सिलेंडर बेचे गए. देश में पीएनजी विस्तार तेज़ी से बढ़ रहा है और मार्च से 3.6 लाख कनेक्शन को गैस आपूर्ति शुरू की गयी है और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण हुए हैं.

### एलपीजी के जहाज ग्रीन आशा ने पार किया होर्मुज

एलपीजी के मोर्चे पर देश के लिए खुशखबरी है. भारतीय ध्वज वाले जहाज ग्रीन आशा ने ईरान के पास मौजूद संकरे समुद्री रास्ते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर लिया है. खाड़ी क्षेत्र में तनाव शुरू होने के बाद, यह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से निकलने वाला भारत का नौवां जहाज है. बता दें कि मार्च के अंत में, पाइन गैस और जग वसंत सहित चार भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकरों ने तीन दिनों की अवधि में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की. इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी ने मार्च के मध्य में गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों तक लगभग 92,700 टन एलपीजी पहुंचाई थी.

# रेस्टोरेंट पर विमान गिरने से 4 की मौत

**ब्रासीलिया, 5 अप्रैल.** ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में सुबह एक बड़ा विमान हादसा हो गया. रिपोर्ट के मुताबिक, सुबह करीब 10.30 बजे एक प्राइवेट जेट 'पाइपर जेटप्रॉप' अनियंत्रित होकर एक रेस्टोरेंट से जा टकराया. टक्कर होते ही विमान में भीषण आग लग गई. इस हादसे में पायलट समेत विमान में सवार सभी 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. गनीमत यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, रेस्टोरेंट बंद था. बता दें कि यह विमान साओ पाउलो से उड़ान भरकर कैपाओ दा कैनोआ एयरपोर्ट की ओर जा रहा था.

**जंग** यूएस-इजराइल और ईरान युद्ध का 37वां दिन, हिजबुल्लाह के 140 ठिकानों को भी बनाया निशाना

# इजरायल के ताबड़तोड़ हमलों से दहल उठा ईरान



**तेहरान/तेल अवीव. यूएस-इजराइल और ईरान युद्ध 37 दिनों से जारी है. इजरायल रक्षा बलों ने एक व्यापक सैन्य अभियान चलाया, जिसमें ईरान के भीतर 200 से अधिक बुनियादी ढांचा स्थलों और लेबनान में हिजबुल्लाह के 140 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया. इजरायल रक्षा बलों की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह जानकारी दी.**

इजरायल की ओर से किए गए इन सटीक हमलों का उद्देश्य इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से संबंधित लंबी दूरी की मारक क्षमता और रक्षा नेटवर्क को नष्ट करना था. इजरायल की ओर से ईरान में जिन लक्ष्यों को निशाना बनाया गया, उनमें एक केंद्रीय आईआरजीसी साइट शामिल थी, जहां कई तरह के हथियार रखे गए थे.

### होर्मुज नहीं खोला तो बना देंगे नरक : ट्रंप

**वॉशिंगटन/तेहरान.** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंचता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यदि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को नहीं खोला, उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही। जिससे क्षेत्र में टकराव की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ईरान ने ऐसा नहीं किया, तो अमेरिका उसके पावर प्लांट्स और प्रमुख बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर बड़े हमले करेगा। इस बीच, अमेरिका पहले ही ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण पुल पर हमला कर चुका है. यह पुल जो हाल ही में शुरू हुआ था, क्षेत्र के सबसे ऊंचे पुलों में से एक माना जाता है और इसकी लागत लगभग 400 मिलियन डॉलर बताई गई है।

# गुजरात हाईकोर्ट ने एआई के इस्तेमाल पर लगाई रोक



**अहमदाबाद, 5 अप्रैल. गुजरात हाईकोर्ट ने किसी भी तरह के फैसले लेने, न्यायिक तर्क देने, आदेश लिखने या जजमेंट तैयार करने, जमानत या सजा पर विचार करने, या किसी भी जरूरी न्यायिक प्रक्रिया के लिए एआई के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है.**

हाईकोर्ट की एआई पॉलिसी के मुताबिक, जिसे गुजरात में जिला अदालतों के जज की एक कॉन्फ्रेंस में जारी किया गया. नीति के अनुसार, इन प्रौद्योगिकियों में 'काफी जोखिम होते हैं, जिनमें मतिभ्रम, पूर्वाग्रह, गोपनीयता का उल्लंघन और न्यायिक स्वतंत्रता का क्षरण शामिल हैं. इनका सावधानीपूर्वक और संस्थागत अनुशासन के साथ संभालना जरूरी है. नीति दस्तावेज के अनुसार व्यापक रूप से, एआई का उपयोग न्यायिक निर्णय, न्याय निर्णय, तर्क, कानून के अनुप्रयोग, तथ्यों की व्याख्या, तर्कों के मूल्यांकन, सजा, जमानत, अंतरिम आदेश या अंतिम निर्णय के किसी भी पहलू के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नहीं किया जाएगा.